डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी द्वारा प्रख्यात उर्दू लेखक एवं समालोचक शमसुर्रहमान फ़ारूक़ी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

फारूक़ी के बिना उर्दू अदब अधूरा – गोपी चंद नारंग

नई दिल्ली। 6 जनवरी 2021; साहित्य अकादेमी ने आज प्रख्यात उर्दू लेखक एवं समालोचक शमसुर्रहमान फ़ारूक़ी की स्मृति में आभासी मंच पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें देश के जाने–माने लेखकों और विद्वानों ने सहभागिता की। सभा के आरंभ में साहित्य अकादेमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने शमसुर्रहमान फ़ारूक़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हें याद करते हुए उन्होंने कहा कि फ़ारूक़ी साहब उर्दू ही नहीं सभी भारतीय भाषाओं के एक बड़े लेखक थे। उन्होंने उर्दू में दास्तानगोई की परंपरा को पुनर्जीवित किया।

इस अवसर पर उनकी बेटी और उर्दू की प्रोफेसर मेहर अफ़शाँ फ़ारूक़ी ने कहा कि हमारे पास उनके जीवन के हर पल की यादें साथ हैं और हम उन्हें हमेशा अपनी स्मृति में बसाए रखेंगे। अकादेमी के पूर्व अध्यक्ष गोपी चंद नारंग ने कहा कि फारूक़ी के बिना उर्दू अदब अधूरा है। उनका लिखा हुआ पीढ़ियों तक साथ रहेगा। हिंदी के प्रख्यात आलोचक एवं कवि राजेंद्र कुमार ने उन्हें इलाहाबाद का 'फ़क्र' मानते हुए कहा कि वे अदब और तहज़ीब के सच्चे नुमाइंदे थे और उन्होंने अपनी क़लम की गरिमा हमेशा बनाए रखी।

इस सभा में अनीसुर्रहमान, महमूद फारूक़ी, बेग़ एहसास, हरीश त्रिवेदी, शमीम तारिक़, अनीस अशफ़ाक, अहमद महफूज, इब्ने कँवल, निज़ाम सिद्दीकी, जयंत परमार, ज़मान आजुर्दा एवं साहित्य अकादेमी के उर्दू परामर्श मंडल के संयोजक एवं प्रख्यात उर्दू शायर शीन काफ़ निज़ाम ने भी शमसुर्रहमान फ़ारूक़ी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने फारूक़ी साहब को उर्दू अदब का युगांतकारी व्यक्तित्व मानते हुए कहा कि उनके जाने से एक युग की समाप्ति हो गई है।

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in